# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ✸ चाचौड़ा ✸ राघौगढ़ ✸ मुंगावली ✸ चंदेरी ✸ पोहरी ✸ कोलारस ✸ जीरापुर ✸ सारंगपुर ✸ बड़नगर ✸ नागदा भोपाल, 30 अप्रैल 2026


## बाजार में अव्यवस्थित वाहन पार्किंग से आम राहगीरों का चलना हुआ दूभर

### विवाह समारोह की धूम से बाजार गुलजार, बेतरतीब पार्किंग से व्यावसायिक क्षेत्र में बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

जागरण, जीरापुर

इन दिनों सभी जगह विवाह समारोह की धूम मची हुई है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शादियों का सीजन चरम पर चल रहा है जिससे लोगों द्वारा की जा रही खरीदारी से बाजार गुलजार है जहां रोजाना शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अपने दो-चार पहिया वाहनों से खरीदारी करने के लिए बाजार में पहुंच रहे है, हर कहीं वाहनों की पार्क कर देना वहीं दुकानदारों की मनमानी और प्रशासन की अनदेखी से शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही हैं। बाजार में चार पहिया वाहनों के प्रवेश एवं बेतरतीब वाहन पार्किंग से जीरापुर शहर के व्यस्ततम इंदर चौराहा, माचलपुर नाका, खिलचीपुर नाका, प्रमुख व्यावसायिक केंद्र अस्पताल से अटल चौक, स्वामी विवेकानंद चौराहा, छापीहेड़ा नाका आदि स्थानों पर अनियंत्रित वाहन पार्किंग व भारी वाहनो के प्रवेश से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिसके कारण आम राहगीरो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है



हालात यह है कि एम्बुलेंस एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन भी कई बार जाम में फंसते देखें गये है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को शहर में हाट बाजार लगता है इस दिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने निजी वाहनों से बाजार में खरीदारी करने के लिए बड़ी संख्या में हर सप्ताह नगर में पहुंचते हैं ऐसे में शहर में पार्किंग की जगह न होने के कारण जिसको जहां जगह दिखाई दी, लोग वहीं पर अपने वाहन को खड़ा कर देते है ऐसे ही हालात शादी के सीजन में बने हुए हैं जिससे यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ऐसे में प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए।

## जनगणना 2027 प्रथम चरण मकान सूचीकरण हेतु जिले में 23 चार्ज अधिकारी नियुक्त

**राजगढ़।** जिला जनगणना अधिकारी डॉ. ज्योति राजोरे द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 प्रथम चरण मकान सूचीकरण हेतु जिले में 23 चार्ज अधिकारी नियुक्त किये गए है। जिसमें 09 तहसील ग्रामीण स्तरीय चार्ज अधिकारी एवं 14 नगरीय स्तरीय चार्ज अधिकारी है। ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत 1723 ग्राम में 2564 जनगणना ब्लाक एवं नगरीय क्षेत्र के 219 वार्ड में 479 जनगणना ब्लाक बनाये गये है। ग्रामीण क्षेत्र में 2150 प्रगणक एवं 345 सुपरवाइजर एवं नगरीय क्षेत्र में 526 प्रगणक एवं 103 सुपरवाइजर जनगणना मकान सूचीकरण हेतु लगाये जाकर 01 अप्रैल से 23 अप्रैल के मध्य 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य स्व गणना कार्य प्रारंभ हुआ। जिसमें परिवार के मुखिया द्वारा स्वयं/ प्रगणक / अन्य लोकसेवक की मदद से स्वयं की स्व गणना कर रहे है। अभी तक जिले में 43120 परिवारों द्वारा स्व-गणना कर ली गई है। राज्य में जिला स्व गणना में तीसरी रैंक पर है। कलेक्टर एवं जनगणना प्रमुख डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा अधिक से अधिक स्व गणना करने की अपील की गई है।

## तरूण चौबे जिला कांग्रेस महासचिव नियुक्त, दी बधाई



**जीरापुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से पार्टी संगठन मे बड़ा विस्तार किया गया है, ऐसे में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के अनुमोदन के पश्चात् जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची ने राजगढ़ जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक स्वर्गीय प्रभुदयाल चौबे के पौत्र तरूण चौबे को कांग्रेस जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। तरूण चौबे पार्टी संगठन में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे है वे पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीरापुर के पद पर रह चुके है, जिन्होंने सफलता पूर्वक अपना दायित्व निभाते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की, उनकी इसी सक्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें अब जिले की मुख्य कार्यकारिणी में स्थान दिया है। वही नगर के पूर्व पार्षद वहीद शाह को सचिव बनाया गया है, ऐसे में अपनी इस नियुक्ति पर तरूण चौबे व वहीद शाह ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृतसिंह एवं समस्त वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है, जिन्हें पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई दी गई है।

## न्यूज कार्नर

### सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ जागरुकता हेतु शपथ कार्यक्रम आयोजित



**राजगढ़।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में प्राचार्य डॉ. वी.बी.खरे के निर्देशन में 'मिशन लाइफ, अभियान के अंतर्गत विषय पर जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को पूर्णतः त्यागने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय की इको क्लब प्रभारी श्रीमती जया मोदी ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मिट्टी, जल एवं वायु को प्रदूषित कर मानव जीवन और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की। प्राचार्य डॉ. खरे ने अपने संदेश में कहा कि यदि हम सभी अपने दैनिक जीवन में सिंगलयूज़ प्लास्टिक का त्याग करने का संकल्प लें, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा बदलाव संभव है। युवाओं की सहभागिता इस अभियान की सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम के अंत में प्रो. जया मोदी द्वारा विद्यार्थियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा जिले में 13 बीआरसी स्थापित जैविक उत्पादों का उत्पादन शुरू

**राजगढ़।** जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले में 13 बायो-रिसोर्स सेंटर स्थापित किए गए हैं। इनमें से 8 बीआरसी द्वारा जैविक उत्पाद जैसे जीवामृत, बीजामृत एवं नीमास्त्र तैयार कर लिए गए हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में इन उत्पादों का निर्माण लगभग 45 दिनों में पूर्ण किया गया। जिले के सभी बीआरसी में उत्पादों की पैकिंग एवं लेबलिंग में एकरूपता सुनिश्चित की गई है, जिससे गुणवत्ता और पहचान दोनों बनी रहे।

साथ ही प्राकृतिक जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए इन उत्पादों की दरें भी निर्धारित कर दी गई हैं। जीवामृत 5 लीटर प्रति एकड़ 500 रूपये तथा नीमास्त्र 2 लीटर प्रति एकड़ 500 रूपये की दर से कृषकों को उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा स्वयं बीआरसी संचालकों से राशि देकर उत्पाद क्रय कर इस पहल को प्रोत्साहित किया गया। बैठक में उप संचालक कृषि सचिन जैन, कृषि विस्तार अधिकारी पदमाकर सागर सहित विकासखंड नरसिंहगढ़, जीरापुर एवं ब्यावरा के बीआरसी संचालक उपस्थित रहे।


**दैनिक जागरण**

समाचार व फोटो निम्न मेल पर भेजे।

jagranbiaora@gmail.com

94250-22183

E- पेपर के लिए इस साइट पर जाए www.dainikjagranmpcg.com

-: जिला कार्यालय :-

रोकस काम्प्लेक्स, पुराना अस्पताल परिसर, ब्यावरा (राजगढ़)


## महिला आरक्षण को लेकर कुरावर में राजनीतिक हलचल, भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली पदयात्रा

जागरण, कुरावर




नगर में बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महिला आरक्षण के समर्थन में जन आक्रोश पदयात्रा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे मार्केटिंग सोसायटी परिसर से प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम महिला मोर्चा की जिला मंत्री सरिता शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने हाल ही में लोकसभा में प्रस्तुत महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर चर्चा करते हुए विपक्षी दल कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। सरिता शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के अधिकारों की धुर विरोधी रही है और महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी उसका रवैया सकारात्मक नहीं रहा।

पदयात्रा के दौरान महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन और महिला सशक्तिकरण के समर्थन में नारे लगाए। कार्यक्रम में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मधु शर्मा, नेहा राठौर और कृष्णा विश्वकर्मा ने भी अपने विचार रखे और महिला आरक्षण को महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में जरूरी कदम बताया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई और मंडल महामंत्री लखन राजपूत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान भागीदारी दिलाने के लिए भाजपा निरंतर प्रयासरत है और महिला आरक्षण इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम में भाजपा नेता सुरेश गोयल, रवि शर्मा, गोपाल राठौर, महेश भावसार सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी संस्था से आशा दीदी और नर्मदा सेन ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर महिलाओं को जागरूक रहने का संदेश दिया। इसके अलावा भाजपा मंडल मंत्री माया गुप्ता, मनोहर प्रजापति, कार्यकर्ता सुनील चंद्रवंशी, ओम पटेल, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, राजेश पटेल, पारस सक्सेना, आनंद वर्मा, ओमप्रकाश जोशी, कमल जामलिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार आवाज उठाने और जनजागरूकता अभियान जारी रखने का संकल्प लिया।

## गलत जानकारी देकर पंजीयन कराने पर होगी सख्त कार्रवाई

**राजगढ़।** श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा दुकान एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958 के अंतर्गत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से त्वरित पंजीयन एवं प्रमाण-पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस व्यवस्था के तहत न्यूनतम जानकारी एवं कम दस्तावेजों के आधार पर आवेदकों को सरल और शीघ्र सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के दौरान यह सामने आया है कि कुछ आवेदक बैंक ऋण अथवा अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से गलत जानकारी प्रस्तुत कर पंजीयन करा रहे हैं।

इस पर श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक आवेदन का सत्यापन समग्र आईडी के आधार पर अनिवार्य रूप से किया जाता है, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि या गलत जानकारी आसानी से पकड़ी जा सकती है। श्रम विभाग ने सभी संबंधित आवेदकों एवं संस्थानों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्रवाई से बचने के लिए यदि गलत जानकारी के आधार पर पंजीयन प्राप्त किया गया है, तो उसे स्वेच्छा से निरस्त कर दें। पंजीयन निरस्तीकरण की सुविधा श्रम सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है।



## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत मंडल में पदयात्रा एवं महिला सम्मेलन का आयोजन

जागरण, नरसिंहगढ़

नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत मंडल में पदयात्रा एवं महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का बिल पारित न होने पर विपक्षी दलों के खिलाफ जोरदार आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने में बाधा डालने वालों को आगामी समय में जवाब दिया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिला मंत्री सत्येंद्र राठौर एवं मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह परमार, पूर्व नपा अध्यक्ष उर्मिला उपाध्याय, सीमा बिहानी, मंजू सोनी कविता राठौड़, अर्चना साहू, राजू जड़िया, भगवान दास साहू, शिव वैध आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अधिक अवसर मिलेंगे।

इस दौरान पदयात्रा निकालकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा महिला सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति ने एकजुट होकर महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया।

### पेयजल संकट और किसानों की समस्या से कराया अवगत

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से भोपाल में प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

जागरण, सारंगपुर



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह से बुधवार को उनके भोपाल स्थित आवास पर कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। श्री जैन के द्वारा बताया गया कि सारंगपुर क्षेत्र में नल-जल योजना के बार-बार ठप्प होने से आमजन को गर्मी के दिनों में जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है और किसानों को भी सम्मान निधि न मिलने जैसी समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। श्री सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री का अभिवादन किया और उन्हें क्षेत्र की वर्तमान स्थितियों से अवगत कराया। दिग्विजय सिंह ने भी सभी सदस्यों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके विभिन्न विषयों पर विचार-साझा किए।

इस दौरान दिग्विजय सिंह के साथ प्रतिनिधिमंडल के सदस्य बेहद सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने बैठक को महत्वपूर्ण बनाया। मुलाकात के दौरान वरिष्ठ किसान नेता कमल सिंह राणा, बाबू मालवीय, दिनेश पुरी, महेश खाती, रामबाबू सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला पंचायत में साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

### जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति पर हुई विस्तृत समीक्षा

जागरण, राजगढ़




जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभागार में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय प्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की प्रगति एवं जिले में किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा रहा।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा अभियान अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत राजगढ़ जिला प्रदेश स्तर पर चौथे स्थान पर तथा संभाग स्तर पर प्रथम स्थान पर है, जो जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। जिले में प्रमुख रूप से खेत तालाब निर्माण, डगवेल रिचार्ज, रिचार्ज पिट, सार्वजनिक रिचार्ज पिट, आवासीय रिचार्ज पिट, आवास एवं शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नाला ट्रेंचिंग, सोकपिट/ मैजिक पिट निर्माण, कुओं एवं बावड़ियों की साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य, पौधरोपण सहित अन्य जल संरक्षण संबंधी कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। जिला पंचायत अध्यतक्ष श्री सौंधिया एवं विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि जल संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पानी की प्रत्येक बूंद बचाने का संकल्प लें और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण सुनिश्चित करें।

**किसानों की सुविधा हेतु बढ़ी स्लॉट बुकिंग की तिथि : राजगढ़।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है। उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार तौल कांटों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। अब किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।

## लीगल एड डिफेंस काउंसेल द्वारा बाल विवाह रोकथाम में किया गया सराहनीय सहयोग

**राजगढ़।** वर्तमान में विगत कई माह से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ द्वारा जिला राजगढ़ की विशेष बाल विवाह कुप्रथा के उन्मूलन हेतु निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है, उक्तांर्गत बाल विवाह के संभावित क्षेत्रों में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम हेतु शासन के संबंधित विभागों जैसे महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग को निर्देश प्रसारित किये गये हैं। साथ ही कार्यालय से संबंद्ध पैरालीगल वालेंटियर्स, पैनल अधिवक्ताओं का भी विशेष दल गठित किया गया हैए जोकि स्थल पर पहुंचकर उचित विधिक कार्यवाही का निर्वहन करता है, उक्त के साथ ही साथ कार्यालय से संबंद्ध लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत विभिन्न स्तर की न्यायालयीन कार्यवाही निष्पादन किया जा रहा है। इसी क्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसेल विष्णु प्रताप सिंह पंवार द्वारा हाल ही में ऐसे 03 बाल विवाहों की सूचना के आधार पर बाल विवाह पूर्व ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 13 अंतर्गत न्यायालय में मामले प्रस्तुत कर व्यादेश जारी कराये जाकर 03 बाल विवाह होने से रूकवाये जाने में अपनी महती भूमिका निभाई गई। उन सभी मामलों में लीगल एड डिफेंस काउंसेल श्री पंवार द्वारा न्यायालय के समक्ष सूचनाकर्ताओं को उपस्थित कर परिवाद प्रस्तुत कर समुचित आधार व दस्तावेज प्रस्तुत किये गये जिनके आधार पर उक्त बाल विवाहों की कार्यवाही पर रोक लगाई गई। उक्त 03 मामलों आवेदक व अनावेदकगणों का विवरण निम्नानुसार है।

### भीषण गर्मी में किसानों के बीच पहुंचे मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल

## 44 डिग्री तापमान में खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

जागरण, सारंगपुर

प्रदेश के कौशल विकास मंत्री एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने आज चिलचिलाती धूप और 44 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच अन्नदाताओं के बीच पहुंचे। मंत्री डॉ. टेटवाल ने क्षेत्र के विभिन्न खरीदी केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्पष्ट किया कि किसान हित में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### तीन केंद्रों का किया सघन निरीक्षण

मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने विगनोदीपूरा स्थित भल्ला वेयर हाउस, ग्राम भैंसवामाता स्थित मां बिजासन वेयर हाउस और ग्राम संडावता स्थित रामपुरिया वेयर हाउस के खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर तौल प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता और किसानों के बैठने व पानी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

किसानों से सीधा संवाद और अधिकारियों को निर्देश

निरीक्षण के दौरान डॉ. टेटवाल ने वहां उपस्थित किसान भाइयों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कतार में खड़े किसानों से पूछा-'कोई समस्या तो नहीं आ रही' किसानों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी साझा किए, जिन्हें मंत्री ने गंभीरता से सुना और मौके पर ही अधिकारियों को व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारू बनाने के कड़े निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप कार्य

मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि किसानों को समय पर स्लॉट बुकिंग, सुचारू तौल और पूरी पारदर्शिता के साथ समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित हो। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर छाया और शीतल जल की पर्याप्त व्यवस्था भी हो।

### किसान समृद्धि ही प्रदेश की प्रगति

अंत में मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि किसान भाई समृद्ध होंगे, तभी प्रदेश और देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। 'जय जवान, जय किसान' के संकल्प के साथ हमारी सरकार हर अन्नदाता को उसकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नवाचार की सुरक्षा पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

जागरण, राजगढ़



शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा प्रायोजित एवं प्रोत्साहित की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के आशीर्वाद एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम का संचालन सुश्री हिमानी नामदेव द्वारा किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य राजू जैतवार ने महाविद्यालय की उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय उज्जैन के प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता का स्वागत किया। साथ ही वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संदीप सिंघाई एवं स्टार्टअप इंडिया मेंटर डॉ. अजय चौबे का भी अभिनंदन किया। संगोष्ठी की संयोजिका श्रीमति नेहा पाण्डेय ने संगोष्ठी के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.सी. गुप्ता ने का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसके महत्व को बताया और विद्यार्थियों को अपने विचारों की सुरक्षा हेतु प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विचारों की पहचान और उनके संरक्षण की आवश्यकता पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. मिश्रा पूर्व में जिला बालाघाट में पदस्थ रहते हुए नवाचार एवं बौद्धिक संपदा से जुड़े प्रयासों को बढ़ावा देने में सक्रिय रहे हैं तथा चिन्नौर चावल को जीआई टैग दिलाने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने के लिए जाने जाते हैं। अपने उद्‌बोधन में उन्होंने डिजिटल युग में नवाचारों की सुरक्षा तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही हाई-टी के बाद तकनीकी सत्र प्रारंभ हुआ। पहले सत्र में डॉ. संदीप सिंघाई ने अत्यंत सरल शब्दों में की परिभाषा, प्रकार, आवेदन प्रक्रिया, योग्यता, शुल्क और वैधता की जानकारी दी। उन्होंने कोका-कोला, दुनिया के सबसे कम उम्र के पेटेंट धारक, पेपर पिन जैसे कई उदाहरण दिए। इसके बाद डॉ. एके चौबे ने व्यवसाय और उद्यमिता के महत्व को रेखांकित किया। सत्र का समापन श्रीमती नेहा पांडे द्वारा किया गया। इसके बाद दूसरा सत्र आरंभ हुआ। डॉ. एस. सुरेश ने शैक्षणिक अनुसंधान में बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला।

## न्यूज कार्नर

### ग्राम चिरमिया में ग्रामीणों के साथ जल चौपाल आयोजित



**महिदपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड महिदपुर जिला उज्जैन की नवांकुर संस्था स्वर्णगिरी पर्वत तीर्थ क्षेत्र समिति सेक्टर क्रमांक 1 महिदपुर द्वारा ग्राम चिरमिया में उपस्थित ग्रामीण जनों के साथ जल चौपाल का आयोजन किया गया, इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अंतर सिंह आंजना द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों को जल के महत्व उसके समुचित उपयोग एवं जल के दुरुपयोग से आने वाले समय में जल संकट के बारे में ग्रामीण जनों को जागरूक किया। कवि किशोर पांचाल द्वारा उपस्थित जनों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। फोटो कार्यक्रम अवसर का।

### नारायणा रोड स्थित मुनि सुव्रत स्वामी लाल मंदिर के शिखर पर चढ़ाई ध्वजा



**महिदपुर।** नारायणा रोड़ स्थित लाल मंदिर में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन श्री मुनि सुव्रत स्वामी मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। जिसका लाभ मुंबई निवासी नगीन भाई शाह एवं डॉ. अशोक चौपड़ा परिवार ने लिया। जिनदत सूरी महिला मंडल ने सत्रह भेदी पूजा पढ़ाई। जिसमें नवमी ध्वजा पूजा पढ़ाने से पहले अमित गुणा श्रीजी मसा आदि ठाणा ने ध्वजा की अष्ट प्रकारी (जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप धूप, फल) पूजा चौपड़ा परिवार द्वारा करवाई। प्रदक्षिणा देकर शिखर पर ले गये। भगवान की शिखर ध्वजा जैन श्रीसंघ के सदस्यों की उपस्थिति में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक चढ़ाई गई। इस तरह मंदिर में ही पूजा के बाद आरती, मंगल दीवो, चैत्य वंदन व शांति कलश कर आज के कार्यक्रम का समापन हुआ। श्रीमती चंदा चौपड़ा परिवार द्वारा श्री जिनदत सूरी एवं हेम प्रभा बहु मंडल का बहुमान कर राशि प्रदान की जिसे श्रीमती सुनीता एवं मेघा चौपड़ा मंडल अध्यक्षों ने स्वीकार किया। चौपड़ा परिवार की ओर से डॉ अशोक चौपड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी सीमा चौपड़ा ने जानकारी दी।

# सिंहस्थ के लिए विद्युत सब स्टेशन के कार्य महत्वपूर्ण इन्हें समय सीमा में पूर्ण किया जाए : संभागायुक्त

**संभागायुक्त और कलेक्टर ने सिंहस्थ 2028 के लिए ऊर्जा विभाग के नवीन सब स्टेशन के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया**



**जागरण उज्जैन ।** संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नियमित निरीक्षण के दौरान बुधवार को उर्जा विभाग (मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड) के माध्यम से सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत चार नवीन सब स्टेशन के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने कार्य प्रगति की जानकारी लेने के बाद निर्देश दिए कि सिंहस्थ 2028 के लिए उर्जा विभाग के कार्य महत्वपूर्ण है। निर्माणाधीन चार विद्युत सब स्टेशन के कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मशांनुरूप सिंहस्थ महापर्व का आयोजन विश्व स्तरीय होना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधा के सभी कार्य तेज गति से किए जा रहे है इसी तारतम्य संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह और कलेक्टर श्री सिंह ने बुधवार को सिंहस्थ 2028 के तहत श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रख उर्जा विभाग द्वारा निर्माणाधीन 33/11 केव्ही सब स्टेशन एवं लाइनों का निरीक्षण किया। इनमें चारधाम के समीप (2म 5 एमवीएम), सदावल रोड़ नागतलाई (2म10 एमवीएम), वाल्मीकि धाम के समीप (2म 10 एमवीएम) और नानाखेड़ा क्षेत्र में (2म 10 एमवीएम) के नवीन प्रगतिरत चार विद्युत सब स्टेशन और कंट्रोल रूम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उर्जा विभाग की कार्यपालन यंत्री सुश्री पल्लवी तेंलग और अधीक्षक यंत्री श्री वीके मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि सिंहस्थ के लिए चारधाम क्षेत्र से मेला क्षेत्र, शहर और घाट क्षेत्र में विद्युत प्रदाय किया जा सकेगा। इसी तरह नागतलाई, वाल्मीकिधाम, नानाखेड़ा क्षेत्र के विद्युत सब स्टेशन के माध्यम से मेला क्षेत्र और घाट के साथ शहर में भी विद्युत प्रदाय हो सकेगी। इनमें तीन स्थानों पर सब स्टेशन सिविल कार्य के बाद इलेक्ट्रिक कार्य प्रगतिरत है। वहीं नानाखेड़ा क्षेत्र में भूमि आंवटन के बाद सिविल कार्य प्रगतिरत है।

वाल्मीकिधाम सब स्टेशन के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि विद्युत सब स्टेशन के खाली परिसर में छोटे फूलदार और डेकोरेटिव पौधे भी लगाए जाएं जिससे परिसर सुंदर दिखाई दें। इसी तरह वाल्मीकिधाम क्षेत्र में निर्माणाधीन सब स्टेशन परिसर में निर्माणाधीन रिर्टनिंग वॉल का निरीक्षण के बाद संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि रिर्टनिंग वॉल के पीछे आ रहे नाले को व्यवस्थित डायवर्ट किया जाए, जिससे भविष्य में नाले के कारण परेशानी न हो।

# जलसंकट की दस्तक... गंभीर डैम में 25 जून तक का पानी बचा

**42 डिग्री से ऊपर तापमान में तेजी से हो रहा वाष्पीकरण**



**जागरण उज्जैन।** शहर में एक बार फिर जलसंकट की आहट सुनाई देने लगी है। मुख्य पेयजल स्रोत गंभीर डैम में अब 25 जून तक का पानी ही शेष बचा है। लगातार बढ़ती गर्मी, पानी की ज्यादा खपत और तेज वाष्पीकरण के चलते जलस्तर तेजी से गिर रहा है, जिससे आने वाले समय में एक दिन छोड़ जलप्रदाय की स्थिति बन सकती है।

पीएचई कंट्रोल रुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में गंभीर डैम का जलस्तर करीब 546 एमसीएफटी के आसपास दर्ज किया गया है। वहीं रोजाना लगभग 9 से 10 एमसीएफटी पानी की खपत हो रही है। इस हिसाब से उपलब्ध पानी अप्रैल, मई और जून तक ही पेयजल आपूर्ति के लिए पर्याप्त माना जा रहा है। यदि जुलाई तक पर्याप्त बारिश नहीं होती है तो शहर को जलसंकट का सामना करना पड़ सकता है। पिछले वर्षों का अनुभव भी चिंता बढ़ा रहा है। लगभग हर साल गर्मियों में गंभीर डैम सूखने की कगार पर पहुंच जाता है और शहरवासियों को बारिश का इंतजार करना पड़ता है। बीते साल भी डैम मुश्किल से भर पाया था और अंतिम समय में हुई बारिश ने स्थिति संभाली थी। इस बार भी हालात कुछ ऐसे ही बनते नजर आ रहे हैं।

इस वर्ष तापमान अभी से 43 डिग्री तक जा चुका है और सामान्य से अधिक रहने की संभावना जताई जा रही है, जिससे वाष्पीकरण की गति और तेज होगी। साथ ही शहर की बढ़ती आबादी के कारण पानी की मांग भी लगातार बढ़ रही है। यदि यही स्थिति बनी रही और मानसून समय पर नहीं आया, तो जल वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा और एक दिन छोडक़र जलप्रदाय जैसी व्यवस्था लागू करनी पड़ सकती है।

# जल प्रदूषण समस्या हल करने के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन के विशेषज्ञों की टीम ने किया निरीक्षण

**नागरिक अधिकार मंच ने जनसुनवाई में आवेदन देकर की थी मांग**



**जागरण, महिदपुर।** नगर पालिका परिषद महिदपुर में नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने एवं जल प्रदूषण की समस्या के स्थायी समाधान हेतु आज दिनांक 28/04/2026 को इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन के विशेषज्ञ दल द्वारा नगर का दौरा किया गया।

**निरीक्षण दल में ये लोग थे शामिल शामिल**

1. **डॉ. कंजन उपाध्याय** : हेड ऑफ डिपार्टमेंट, केमिकल इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन
2. **डॉ. सविता मारू** : प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ सिविल इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन
3. **सौरव यादव** : केमिस्ट, इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन

विशेषज्ञ दल द्वारा नगर पालिका परिषद महिदपुर के इंटेक वेल एवं फिल्टर प्लांट का भौतिक निरीक्षण किया गया। दल ने दोनों स्थानों की तकनीकी व्यवस्थाओं, जल शुद्धिकरण प्रक्रिया एवं रख-रखाव का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान इंटेक वेल एवं फिल्टर प्लांट से जल के सैंपल जांच हेतु संग्रहित किए गए। इन सैंपलों की विस्तृत रासायनिक एवं बैक्टीरियो लॉजिकल जांच इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन की प्रयोगशाला में की जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर जल प्रदूषण के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा तथा नगर पालिका परिषद को तकनीकी रूप से उपयुक्त समाधान सुझाए जाएंगे, जिससे महिदपुर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजा यादव ने विशेषज्ञ दल को पूर्ण सहयोग प्रदान किया एवं आश्वस्त किया कि रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात सुझाए गए उपायों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# एमआर-11 मार्ग पर तीन नए ट्रैफिक सिग्नल लगेंगे, जल्द शुरू किया जाएगा संचालन

**सिंहस्थ-2028 की तैयारी के तहत शहर में बढ़ेगी सिग्नलों की संख्या**

**जागरण उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मास्टर प्लान की प्रमुख सड़क एमआर-11 फोरलेन पर तीन नए ट्रैफिक सिग्नल लगाए जा रहे हैं। निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और जल्द ही इन सिग्नलों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने प्रमुख चौराहों पर स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल लगाने की योजना बनाई है। एमआर-11 मार्ग पर इन सिग्नलों के शुरू होने से वाहन चालकों को बेहतर दिशा-निर्देशन मिलेगा और जाम की समस्या में कमी आएगी। यह कार्य यातायात पुलिस और प्रशासन के समन्वय से किया जा रहा है।

**व्यस्त चौराहों पर मिलेंगे नए सिग्नल...**

एमआर-11 मार्ग शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल है। यहां लगातार बढ़ते ट्रैफिक के कारण कई स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति बनती रही है। ऐसे में तीन नए ट्रैफिक सिग्नल लगाए जा रहे हैं, जो यातायात संचालन को सुचारू बनाएंगे।

यातायात डीएसपी के अनुसार, शहर के कई हिस्सों में अभी भी ट्रैफिक सिग्नल की कमी है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी होती है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। नए सिग्नलों से इन समस्याओं में काफी हद तक सुधार आने की उम्मीद है।

**स्मार्ट सिस्टम से होगा संचालन...**

नए ट्रैफिक सिग्नलों को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा। इनमें टाइमिंग कंट्रोल, सेंसर आधारित संचालन और जरूरत के अनुसार सिग्नल बदलने की सुविधा रहेगी। इससे ट्रैफिक मैनेजमेंट अधिक प्रभावी और स्मार्ट बनेगा। इसके साथ ही वाहन पहचान जैसी तकनीकों का भी उपयोग किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक फ्लो के अनुसार सिग्नल ऑपरेट हो सकेंगे।

**सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी....**

ट्रैफिक सिग्नलों के साथ-साथ इन स्थानों पर हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। इन कैमरों के जरिए न केवल यातायात की निगरानी होगी, बल्कि आपराधिक गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सकेगी।कंट्रोल रूम से इन कैमरों की मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे किसी भी घटना पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी।

**सिंहस्थ को ध्यान में रखकर तैयारी...**

प्रशासन का मानना है कि सिंहस्थ-2028 के दौरान शहर में लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होगा। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था को पहले से मजबूत करना जरूरी है। नए सिग्नल और निगरानी व्यवस्था इसी तैयारी का हिस्सा हैं, ताकि आने वाले समय में शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू और सुरक्षित बनी रहे।

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में विश्व सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**जागरण उज्जैन।** संयुक्त राष्ट्र के संपोषणीय विकास लक्ष्यों को दृष्टिगत रखते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के पं. जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंधन संस्थान में एमबीए विद्यार्थियों के लिए कार्यस्थल सुरक्षा पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विश्व सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें जेएनआईबीएम के एमबीए स्टूडेंट्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों तथा दुर्घटना रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल किसी भी संस्थान के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कुलगुरु प्रो. डॉ. अर्पण भारद्वाज ने अपने सारगर्भित शुभकामना संदेश में आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सुरक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया, जबकि संकायाध्यक्ष एवं निदेशक प्रो. डॉ. धर्मेन्द्र मेहता ने सुरक्षा को एक आवश्यक संस्कृति के रूप में अपनाने की बात कही।

शपथ, चर्चा और ऐतिहासिक महत्व के साथ कार्यक्रम का समापनइस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली तथा व्याख्यान और चर्चा के माध्यम से विषय की गहन समझ विकसित की गई। यह दिवस 'दिवस मृत और घायल श्रमिकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्मरण दिवस' से भी जुड़ा है, जिसे 1996 से ट्रेड यूनियनों द्वारा मनाया जा रहा है। इसका इतिहास कार्यस्थल की स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए किए गए लंबे प्रयासों को दर्शाता है । विशेष रूप से औद्योगिक क्रांति के बाद, जब असुरक्षित कार्य स्थितियों के कारण सुधार हुए और आधुनिक व्यावसायिक सुरक्षा कानून बनाए गए।

# एक मई से शुरू होगी मकानों की गणना

**ऑनलाइन सिस्टम से होगी पूरी प्रक्रिया, फरवरी 2027 में होगी आबादी की गिनती 7 मोबाइल ऐप से डेटा एंट्री**

**जागरण उज्जैन।** देशव्यापी जनगणना के पहले चरण की तैयारियां अब ज़मीनी स्तर पर तेज हो गई हैं। उज्जैन में एक मई से कर्मचारियों द्वारा मकानों की गणना का कार्य शुरू किया जाएगा। इससे पहले आमजन के लिए स्वयं गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा उपलब्ध कराई है, जिसका लोगों द्वारा लगातार उपयोग किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल से शुरू हुई स्वयं गणना प्रक्रिया में अब तक साढ़े सात हजार से अधिक लोग अपनी जानकारी दर्ज करा चुके हैं। यह सुविधा 30 अप्रैल तक जारी रहेगी, जिससे नागरिक बिना किसी कर्मचारी के हस्तक्षेप के अपनी जानकारी ऑनलाइन भर सकें।

**मोबाइल ऐप से होगा पूरा काम ऑफलाइन भी रहेगी सुविधा....**

इस बार जनगणना प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने पर जोर दिया गया है। कर्मचारियों को मोबाइल ऐप के जरिए मकानों और परिवारों का डेटा दर्ज करना होगा। खास बात यह है कि ऐप ऑफलाइन मोड में भी काम करेगा और इंटरनेट उपलब्ध होते ही डेटा सर्वर पर अपलोड हो जाएगा। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि आंकड़ों की सटीकता भी बढ़ेगी।

कर्मचारियों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि उनके मोबाइल का ऑपरेटिंग सिस्टम एंड्रॉइड 12 या उससे ऊपर, अथवा आईओएस 15 या उससे ऊपर का हो। साथ ही मोबाइल में पर्याप्त स्टोरेज (कम से कम 8 जीबी खाली) होना जरूरी है। ऐप के साथ पीडीएफ व्यूअर, मैप और दस्तावेज देखने की सुविधा भी जरूरी होगी।

**प्रगणकों को मिलेगी आईडी सीधे होगा सत्यापन...**

एक मई से शुरू होने वाली मकानों की गणना में करीब छह हजार प्रगणक तैनात किए जाएंगे। स्वयं गणना करने वाले नागरिकों को अपनी आईडी प्रगणक को उपलब्ध करानी होगी, जिससे वह सीधे जानकारी का सत्यापन कर सकें। इससे डुप्लीकेसी और त्रुटियों को कम करने में मदद मिलेगी।

**गर्मी और अवकाश प्रतिबंध से बढ़ी चिंता....**

जनगणना का कार्य मई महीने में होने के कारण कर्मचारियों और अधिकारियों के सामने गर्मी बड़ी चुनौती बन सकती है। इसके साथ ही इस दौरान अवकाश पर भी रोक लगाई गई है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष की स्थिति बन रही है। हालांकि प्रशासन ने राहत देते हुए सुबह और शाम के समय ही गणना कार्य करने की अनुमति दी है, ताकि तेज धूप से बचा जा सके।

**फरवरी 2027 में होगी अंतिम जनगणना...**

यह पूरा अभियान जनगणना के पहले चरण के रूप में देखा जा रहा है। अंतिम रूप से देश की आबादी की गिनती फरवरी 2027 में की जाएगी।

वर्तमान में चल रही मकान गणना और स्वयं गणना प्रक्रिया उसी की तैयारी का अहम हिस्सा है।

# घोषित बिजली कटौती, भारी बिलों को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण माकडोन।** तहसील एवं नगर में ज़ारी अघोषित बिजली कटौती, मनमाने बीजली बिलों, किसानों और आम उपभोक्ताओं से बिजली वसुली में सख्ती के विरोध में शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विधायक महेश परमार के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर विघुत विभाग की मनमानी के प्रति नाराजगी जताते हुए ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा की किसानों के गेहूं तुलाई में लेट लतीफी की जा रही है स्लाट बुकिंग नहीं हो रहें है उस पर विघुत विभाग वसुली में सख्ती कर रहा है मनमाने भारी भरकम बिल थमाए जा रहे है ओर अघोषित बिजली कटौती बदस्तूर जारी है। कांग्रेस नेताओं ने इन्हीं सब मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपकर एक सप्ताह में अघोषित बिजली कटौती समाप्त करने किसानों एवं आम उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत देने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस दौरान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विजय शर्मा, नेता प्रतिपक्ष कमल जाल, युवा नेता रवि जाल, पूर्व पार्षद संजय सोनी, बालकृष्ण गामी, हैदर मंसूरी, सुभाष जाल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निगम आयुक्त ने शहर में चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण कर दिये निर्देश



**जागरण उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कोयला फाटक से कंठाल कंठाल से सती गेट एवं हरसिध्दि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा जन सहयोग से किए जा रहे चौड़ीकरण कार्यों के प्रति नागरिकों की सराहना की गई। कहारवाड़ी से रामघाट मार्ग पर नागरिकों से संवाद करते चौड़ीकरण कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त ानश्याम मचार, पवन कुमार, भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, कार्यपालन यंत्री निर्झर शुक्ला, उपयंत्री सौम्या चतुर्वेदी उपस्थित रहे ।

# ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ दो दिनी स्वामी पुरसनाराम साहिब का मेला

**ढोल, बैंड बाजे, घोड़े, बग्गी और डीजे के साथ 151 महिलाओं की कलश शोभायात्रा निकली, जगह-जगह हुआ स्वागत**



**जागरण उज्जैन।** शहर के अब्दालपुरा स्थित ब्राह्मण गली में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी योगीराज 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथूंगे वालों का वार्षिक मेला बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ शुरू हो गया है। 108 साध रतूराम साहिब के स्मरण में आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन बुधवार को दरबार साध पुरसनाराम साहिब स्वामी पुरसनाराम धाम में कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

संतों ने पैदल चलकर दिया भक्तों को आशीर्वाद

सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि बुधवार सुबह 9.30 बजे जयपुर के साध मुकेश जी द्वारा झंडा साहब की सेवा कीर्तन के साथ ध्वज चढ़ाया गया। इसके पश्चात प्रातः 10.30 बजे तपती धुप गर्मी में 151 महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा अब्दालपुरा से शुरू होकर खजूर वाली मस्जिद, गीता कॉलोनी, झूलेलाल मंदिर जहां पर संतो द्वारा आरती की गई और मोदी का चोपड़ा होते हुए लीलाशाह धाम सिंधी धर्मशाला पर समाप्त हुई। ढोल, बैंड बाजे, घोड़े, बग्गी और डीजे के साथ निकली इस यात्रा का नेतृत्व साध मुकेश जी ने किया। वे पैदल चलते हुए सभी भक्तजनों को आशीर्वाद दे रहे थे। मार्ग में जगह-जगह मंच बनाकर संतों और यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस धार्मिक मेले में देश-विदेश से सैकड़ों भक्त साध मुकेश जी का आशीर्वाद लेने के लिए पधार चुके हैं।

बुधवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक भंडारा, शाम 7 से 9 बजे तक सांझा शेवा, रात 9 से 11 बजे तक पुनः भंडारा और रात 11 से 2 बजे तक भजन सत्संग संपन्न हुआ। भजन और सत्संग का आयोजन स्वामी पुरसनाराम धाम दरबार साध पुरसनाराम साहिब के सामने ब्राह्मण गली अब्दालपुरा में किया जा रहा है। वहीं, भंडारे का आयोजन गीता कॉलोनी चोपड़ा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में हो रहा है।

**आज रातभर चलेगा सत्संग कल सुबह होगा समापन**

आयोजन समिति के अनुसार गुरुवार 30 अप्रैल को दोपहर 1 से 3 बजे तक भंडारा, शाम 7 से 9 बजे तक सांझा शेवा, रात 9 से 11 बजे तक भंडारा और रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक भोर का भजन सत्संग चलेगा। इसके पश्चात 1 मई शुक्रवार को सुबह 6 बजे दुआओं के पल्लव की रस्म के साथ मेले का विधिवत समापन किया जाएगा।

**संत और मशहूर कलाकार बढ़ा रहे मेले की शोभा**

इस धार्मिक आयोजन में संत और मशहूर कलाकार उपस्थित रहकर मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं। इनमें कटनी की बालक मंडली से भाई गोरधन एवं दिलीप उदासी और इंदौर से साध गुरुमुखदास सहित अन्य गुणी व ज्ञानीजन शामिल हैं। इस वृहद आयोजन की व्यवस्था साध पुरसनाराम साहिब सेवा मंडल उज्जैन द्वारा की जा रही है। आयोजन में दरबार साध पुरसनाराम साहिब के भाई नारायणदास, भाई पारूमल पताशे वाले तथा जयपुर के साध मुकेश मुख्य रूप से सेवा कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

## न्यूज कार्नर

### स्वभवन गणना करने में सहायता देने पार्श्व जैन मिलन ने लगाया कैम्प



**जागरण अशोकनगर।** समाज सेवी संस्था पार्श्व जैन मिलन द्वारा प्रतिदिन शाम को पार्श्वनाथ जैन मंदिर सोनी कालोनी में स्व भवन गणना सहायता कैम्प लगाया जा रहा है। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैनए शाखा अध्यक्ष मनीष जैन एवं मंत्री दीपक मलावनी ने बताया है कि समाज बंधुओं को स्व गणना सहायता कैम्प द्वारा प्रेरित किया जा रहा है कि वह स्वयं अपने मकान की गणना का कार्य करें। इस कार्य में स्वजातीय शासकीय कर्मचारियों की सहायता ली जा रही है। इस शिविर में समाज जनों को स्व भवन गणना में 33 कॉलम कैसे भरे जाएंगेए इसकी जानकारी दी जा रही है तथा उन्हें समझाया जा रहा है कि सभी जानकारी भरने के बाद जो आईडी प्राप्त होगी वह 1 मई से 30 मई तक जो शासकीय कर्मचारी भवन गणना करने आएंगे उन्हें बताकर ओके कराएं और कोई भूल हो गई हो तो वह भी ठीक करा सकते हैं। इसी तरह का एक अन्य कैम्प जैन मिलन सेन्ट्रल द्वारा भी शांति नगर मंदिर के पास लगाया जा रहा है।

### पुरानी गल्ला मंडी में ट्रक ने युवक को रौंदा

**अशोकनगर।** पुरानी कृषि उपज मंडी में बुधवार शाम एक अनियंत्रित ट्रक ने पैदल चल रहे युवक को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक का पहिया युवक के सिर के ऊपर से गुजरने के कारण उसका सिर पूरी तरह कुचल गया। जानकारी के अनुसार, घटना पानी की टंकी के पास हुई। युवक पुराने ओवरब्रिज की ओर से पैदल आ रहा था। पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया। अनियंत्रित ट्रक कुछ दूर आगे जाकर सड़क किनारे खड़े एक अन्य ट्रक से टकराकर रुक गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और अफरातफरी मच गई। दुर्घटनास्थल पर ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें शराब की बोतलें मिलीं। जबकि दूसरे को भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक युवक की पहचान बुधवार शाम तक नहीं हो पाई थी।

### राज्य स्तरीय महिला मैराथन 15 मई को

**जागरण, शिवपुरी।** शिवपुरी में महिलाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से 15 मई को एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है। कै. राजमाता माधवीराजे सिंधिया की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय महिला मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस आयोजन को महिला सशक्तिकरण और खेल जागरूकता की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है। एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय शर्मा और सचिव संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रेरणा से यह आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता जिला मुख्यालय स्थित पोलो ग्राउंड पर आयोजित होगी, जिसमें सभी आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकेंगी। इस मैराथन में विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी को 10,000 रुपये, द्वितीय को 7,000 रुपये और तृतीय को 5,000 रुपये की राशि के साथ सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के आयोजन महिलाओं में खेल भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मंच भी प्रदान करते हैं।

# पुरानी रंजिश पर लाठी, तलवार, फरसों से हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ दर्ज हुआ था मामला

**जागरण अशोकनगर।**



कोतवाली पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते एक राय होकर लाठी, डंडा, तलवार चलाने वाले दो पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इनमें से दोनों पक्षों के दो-दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक पक्ष के दो लोगों को जेल भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि 20 अप्रैल को एक पक्ष के गौरव यादव निवासी गौशाला अशोकनगर ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपीगण सुमित रजक,आदित्य शाक्य, पंकज रजक,उमेश कोरी, दिलीप शाक्य एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा एक राय होकर डंडा,फरसा एवं तलवार से लैस होकर अश्लील गाली-गलौंच मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। इस पर थाना कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार दूसरे पक्ष के सुमित पुत्र धर्मेन्द्र रजक निवासी लम्बरदार मोहल्ला अशोकनगर द्वारा आरोपी गौरव यादव, संजीव यादव, सुखदेव यादव एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा जातिसूचक गाली-गलौंच, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई।

दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर भी प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। इन निर्देशों के पालन में पुलिस ने मंगलवार को आरोपी संजीव यादव निवासी शंकरपुर मगरदा एवं सौरभ कोरी निवासी विदिशा चुंगी नाका को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडे जप्त किए गए। वहीं बुधवार को आरोपी सुमित रजक एवं उमेश कोरी निवासी लम्बरदार मोहल्ला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया, शेष आरोपियों की तलाश जारी है एवं उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उपर्युक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान, उपनिरीक्षक भोजराम भगत,सहायक उपनिरीक्षक शफायत खान, प्रधान आरक्षक दिनेश कुशवाह, पंकज तिवारी, आरक्षक अभयराज रघुवंशी, गौरव रघुवंशी, महेश बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

## राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद की अनोखी जल सेवा पहल



**जागरण ईसागढ़।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां इंसान के साथ-साथ पशु-पक्षी भी पानी के लिए तरसते नजर आते हैं, वहीं ईसागढ़ में राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद द्वारा एक मानवीय और प्रेरणादायक पहल देखने को मिल रही है। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कोई गौमाता प्यासी न रहे संकल्प के साथ नगर के प्रमुख स्थानों पर निरंतर जल सेवा अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत बस स्टैंड चौराहा,थाना चौराहा, बाजार क्षेत्र एवं अन्य व्यस्त मार्गों पर गौमाता एवं अन्य पशुओं के लिए पानी से भरी टंकियां और पात्र रखवाए गए हैं। खास बात यह है कि यह केवल एक दिन की पहल नहीं, बल्कि लगातार चलने वाली सेवा है, जिसमें कार्यकर्ता नियमित रूप से टंकियों में पानी भरकर पशुओं की प्यास बुझा रहे हैं। गर्मी के मौसम में जहां पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना एक बड़ी चुनौती बन जाता है। वहीं इस प्रकार की सेवा न केवल पशु संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश भी है। इस सेवा कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते हुए राहुल शर्मा,प्रिंस अग्रवाल, शिवांश शर्मा, निखिल ओझा, गोलू ग्वाल एवं कुलदीप पाराशर द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर टंकियां स्थापित कर निरंतर जल सेवा की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य न केवल समाज में मानवता को मजबूत करते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी को भी सेवा और संवेदनशीलता का संदेश देते हैं।

# विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने दी 2 लाख की मदद

## अधिकारियों को दिए उचित मुआवजा देने के दिए निर्देश

**जागरण मुंगावली।**



क्षेत्र के ग्राम जसैया में शॉर्ट सर्किट से हुई भीषण आगजनी की घटना के बाद बुधवार को पूर्व मंत्री ओर क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए, इतना ही नहीं विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने पीड़ित परिवार को तत्काल ही 2 लाख रुपए मुआवजा राशि दी गई।

उल्लेखनीय रहे की एक दिन पूर्व ग्राम जसैया में हादसा हुआ परिवार के तीनों भाई गांव में ही चल रहे एक यज्ञ कार्यक्रम में सम्मिलित थे। घर में मौजूद महिलाओं और बच्चों ने जब आग की लपटें देखीं तो चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक किसान का ट्रैक्टर, खेती के पाईप, मवेशी और घर में रखा अनाज व अन्य सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस अग्निकांड में लगभग 10 से 15 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।

**विधायक ने की 2 लाख रुपये की व्यक्तिगत सहायता की घोषणा:** बुधवार को निरीक्षण के दौरान विधायक बृजेंद्र सिंह यादव भावुक नजर आए। उन्होंने कहा ष्आगजनी से हुए नुकसान की भरपाई तो पूरी तरह संभव नहीं है लेकिन सरकार और मैं व्यक्तिगत रूप से पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूँ। विधायक ने मौके पर ही अपनी ओर से 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि शासन स्तर पर राजस्व नियमों के तहत अधिकतम मुआवजा जल्द से जल्द दिलाया जाएगा साथ ही पीड़ित परिवार को पीएम आवास का लाभ दिया जाएगा।

**प्रशासनिक अमला रहा मौजूद:** निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ अनुविभागीय अधिकारी इसरार खानए तहसीलदार कैलाश चंद मालवीय सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की देरी न हो ताकि पीड़ित परिवार को समय पर सरकारी मदद मिल सके।

# जैन महिला परिषद की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ



## वर्षा बड़कुल अध्यक्ष और मनीषा सचिव बनीं

**जागरण अशोकनगर।**

अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद शाखा अशोकनगर की नई कार्यकारिणी गठित की गई है। नई कार्यकारिणी में डॉ.वर्षा बड़कुल को अध्यक्ष एवं मनीषा आर्यंत को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सोनम जैन को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नई कार्यकारिणी ने विगत दिवस शपथ ग्रहण की। शपथ विधि समारोह जैन भवन में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया उपस्थित थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जैन समाज के महामंत्री राकेश अमरोद, यातायात प्रभारी स्नेहा ठाकुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील अखाई ने की जबकि शपथ विधि अधिकारी के रूप में नीलू बरोदिया ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

कार्यकारिणी में इनके साथ कुल 21 सदस्यों ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही 8 नए सदस्यों का परिषद में स्वागत किया गया। इसी अवसर पर युवा अरिहंत परिषद का भी शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सोनम अजमेरा को अध्यक्ष, पल्लवी बंधू को सचिव तथा नम्रता जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनके साथ भी 21 सदस्यों ने परिषद की सदस्यता ली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# निःशुल्क शिविर में रक्तचाप शुगर और थायराइड की जांच

**जागरण अशोकनगर।**



डिस्ट्रिक आरएम वन स्वयं सिद्ध द्वारा निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में शुगर, बीपी, थायराइड, सीबीसी,यूरिन टेस्ट की जांच की जा रही है। इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा यादव, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्जुन पटेल, डॉ.अमर परिहार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कीर्ति रघुवंशी द्वारा मरीजों की निःशुल्क जांचें की गईं एवं दवाईयां निःशुल्क दी गईं। क्लब की प्रांतीय अध्यक्षा सीमा अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा सतत रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते हैं। इस वर्ष भी चार्टर डे के उपलक्ष्य में यह शिविर लगाया गया है। आरएम वन स्वयं सिद्ध का उद्देश्य सामाजिक दशा, दिशा और क्षमता विकसित करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी डॉक्टर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गायत्री अरोड़ा, प्रांतीय सचिव डॉ रजनी शुक्ला, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, अध्यक्ष अलका अग्रवाल, गीता बंसल, दीपा रघुवंशी, प्रिया खुराना, प्रियंका अग्रवाल, रश्मि जैन, पूजा अग्रवाल, टीना गुप्ता, संध्या अग्रवाल, अंजना दुबे, रानी नामदेव, नीतू शिवहरे, रश्मि अग्रवाल, रुचि गुप्ता, कुसुम अरोड़ा, विनीता अग्रवाल उपस्थित रहे।

# सिंध जलावर्धन योजना फेल, 4 दिन से ठप सप्लाई, जनता बेहाल

## फिल्टर प्लांट में आई तकनीकी खराबी, मोटर ने काम करना किया बंद

**जागरण, शिवपुरी।** करोड़ों की लागत से तैयार की गई सिंध जलावर्धन योजना एक बार फिर फेल हो गई है, जिससे शहर में भीषण पेयजल संकट गहरा गया है। पिछले चार दिनों से जलापूर्ति पूरी तरह ठप है और 42 डिग्री से अधिक तापमान के बीच लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझ रहे हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि शहर के कई हिस्सों में पीने का पानी भी मुश्किल से उपलब्ध हो पा रहा है।



जानकारी के मुताबिक, संकट की मुख्य वजह फिल्टर प्लांट में आई तकनीकी खराबी है। पहले मोटरों के स्टार्टर खराब हुए और इसके बाद मुख्य मोटर ने भी काम करना बंद कर दिया। वर्तमान में केवल एक मोटर के सहारे सप्लाई बहाल करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन यह व्यवस्था शहर की जरूरतों के सामने नाकाफी साबित हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक दोनों मोटरें पूरी तरह चालू नहीं होंगी, तब तक जलापूर्ति सामान्य होना संभव नहीं है।

शहर की लगभग 75 प्रतिशत आबादी ओवरहेड टैंकों पर निर्भर है, लेकिन टैंक ही नहीं भर पा रहे। इसके चलते अधिकांश वार्डों में जल संकट गहराता जा रहा है। वार्ड क्रमांक-7 की रामबाग कॉलोनी में पिछले चार दिनों से ट्यूबवेल बंद है, जिससे स्थानीय लोग, खासकर महिलाएं और बच्चे, दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक पानी के लिए जद्दोजहद आम हो गई है। स्थानीय नागरिकों में नगर पालिका के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का आरोप है कि हर साल गर्मी आते ही यही हालात बन जाते हैं, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। टैंकरों के जरिए पानी की आपूर्ति भी अपर्याप्त साबित हो रही है—कई इलाकों में टैंकर समय पर नहीं पहुंचते, जिससे समस्या और विकराल हो जाती है। नगर पालिका के सहायक यंत्री सचिन चौहान ने बताया कि फिल्टर प्लांट की मरम्मत के लिए तकनीकी टीम को बुलाया गया है और एक-दो दिन में व्यवस्था सामान्य होने की उम्मीद है। हालांकि, लगातार दोहराई जा रही इस समस्या ने प्रशासन की तैयारियों और रखरखाव व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### लंबे समय बाद कृषि उपज मंडी करैरा में खरीदी-बिक्री शुरू

**शिवपुरी।** करैरा में लंबे समय से बंद पड़ी कृषि उपज मंडी में खरीदी-बिक्री की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशन में एसडीएम करैरा एवं भार साधक अधिकारी अनुराग निंगवाल के निरंतर प्रयासों से मंडी में सामान्य व्यापारिक गतिविधियां बहाल होने लगी हैं। इससे स्थानीय किसानों एवं व्यापारियों को राहत मिली है। समस्त व्यापारी बंधुओं ने एसडीएम अनुराग निंगवाल को विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी लंबे समय तक बंद रहने से व्यापार प्रभावित हो रहा था और किसानों की उपज की उचित खरीदी में बाधा आ रही थी। मंडी अध्यक्ष राजीव नीखरा, कार्यवाहक अध्यक्ष महेश बेड़र एवं सचिव सुनील जैन चिंकी के नेतृत्व में व्यापारियों ने एसडीएम को पत्र भेजकर उनकी सराहना की है तथा मंडी व्यवस्था को और बेहतर बनाने एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया है। एसडीएम श्री निंगवाल द्वारा मंडी को सक्रिय करने के प्रयासों से न केवल व्यापार में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने में भी मदद मिलेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# 200 क्विंटल गेहूं सहित अन्य अनाज जब्त, दो गोदाम सील

## नंदनी ट्रेडर्स पर अनियमितता उजागर



**जागरण, शिवपुरी।** जिले में अवैध अनाज भंडारण और अनियमितताओं पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर बदरवास कस्बे में छापेमारी कर गोदाम सील किया गया और भारी मात्रा में अनाज जब्त किया गया।

कोलारस एसडीएम अनूप श्रीवास्तव, बदरवास तहसीलदार सचिन भार्गव और अनाज मंडी कर्मचारियों की टीम को अवैध खरीद और भंडारण की सूचना मिली थी। इसके बाद घुरवार रोड स्थित नंदनी ट्रेडर्स पर कार्रवाई की गई। जांच में सामने आया कि संचालक राजेंद्र किरार बिना वैध लाइसेंस के अनाज की खरीद और भंडारण कर रहा था, जो नियमों का उल्लंघन है।

दुकान के पास स्थित गोदाम की तलाशी में लगभग 200 क्विंटल गेहूं सहित बड़ी मात्रा में अन्य अनाज बरामद हुआ, जिसे प्रशासन ने जब्त कर लिया। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद प्रशासन ने दोनों गोदामों को सील कर दिया और पूरे स्टॉक को अपने कब्जे में ले लिया।

# प्रेम विवाह करने वाले दंपत्ति ने मांगी पुलिस सुरक्षा, परिजनों पर धमकी देने का आरोप

### घर से भागकर शिवपुरी में कोर्ट मैरिज की

**जागरण, शिवपुरी।** प्रेम विवाह करने वाले एक दंपत्ति ने अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। युवती ने अपने परिजनों पर जान से मारने की धमकी देने और लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।



श्योपुर जिले के विजयपुर तहसील अंतर्गत ग्राम हुल्लपुर निवासी अंजली धानुक ने बताया कि वह बालिग है। उन्होंने शिवपुरी जिले के सुभाषपुरा थाना क्षेत्र के करसेना गांव निवासी शैलू धाकड़ से दो दिन पहले घर से भागकर शिवपुरी में कोर्ट मैरिज की है। अंजली के अनुसार, दोनों की मुलाकात एक शादी समारोह में हुई थी, जिसके बाद बातचीत शुरू हुई। पहले परिजनों ने ही दोनों की शादी तय की थी, लेकिन बाद में अचानक रिश्ता तोड़ दिया गया। इसी कारण दोनों ने घर से भागकर विवाह किया। अंजली ने आरोप लगाया है कि विवाह से नाराज उसके परिजन लगातार उसे, उसके पति और ससुराल पक्ष को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वे घर पहुंचकर गाली-गलौज और दबाव बनाने की कोशिश भी कर रहे हैं। दंपत्ति का कहना है कि किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी लड़की के परिजनों की होगी। अंजली ने स्पष्ट किया है कि उसने अपनी मर्जी से शादी की है और पति या उसके परिवार द्वारा किसी प्रकार का दबाव नहीं बनाया गया है। दंपत्ति ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि परिजनों को समझाइश दी जाए और उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे सुरक्षित जीवन जी सकें।

# बुजुर्ग महिला की हत्या के आरोपी फरार, महिला के बेटे ने लगाए आरोप

## बेटा बोला- दरवाजा खोलते ही फायर किया, तीन आरोपी, गिरफ्तार एक भी नहीं

**जागरण, शिवपुरी।** शिवपुरी के डेहरवारा गांव में 22 अप्रैल को 3 अज्ञात युवकों द्वारा एक बुजुर्ग महिला की सिर में गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में मृतका के बेटे ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से शिकायत की है। बेटे मुनेश धाकड़ ने 6 बीघा जमीन के विवाद का हवाला देते हुए अपने रिश्तेदारों पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया है। फिलहाल तेंदुआ थाना पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किया है और किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। घटना 22 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 3ः15 बजे की है। मृतका का बेटा मुनेश धाकड़ एक शादी समारोह में गया हुआ था। घर पर उसकी मां रामसखी, पत्नी और बच्चे मौजूद थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर 3 युवक आए और शादी का कार्ड देने का बहाना बनाकर आवाज लगाई। जैसे ही रामसखी घर से बाहर आईं, एक युवक ने उनके पैर छुए और दूसरे ने सीधे उनके सिर में गोली मार दी। गोली लगने से रामसखी की मौके पर ही मौत हो गई और तीनों आरोपी वहां से फरार हो गए।



एसपी को दिए आवेदन में मुनेश धाकड़ ने आरोप लगाया है कि हत्या का मुख्य कारण 6 बीघा कृषि भूमि है, जो मृतका के नाम पर दर्ज है। इसे लेकर परिवार में लंबे समय से विवाद चल रहा है। मुनेश ने शिवराज, उसके बेटे, साहब सिंह, प्रांजुल, तनुश, गुड्डी और उसके पति कमलेश सहित अन्य लोगों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि ये लोग पहले भी उनकी मां को जान से मारने की धमकी दे चुके थे। तेंदुआ थाना पुलिस ने घटना के बाद अपराध क्रमांक 60/2026 के तहत अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मुनेश ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि आरोपी प्रभावशाली और राजनीतिक पहुंच वाले हैं, जिसके कारण पुलिस सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है और एफआईआर में भी उन्हें नामजद नहीं किया गया है। मुनेश का कहना है कि आरोपी अभी भी अवैध हथियार लेकर खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे उनके परिवार में दहशत का माहौल है।

### यातायात पुलिस ने ब्लैकस्पॉट से क्लासरूम तक चलाया जागरुकता अभियान

**शिवपुरी।** शहर में सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने हेलमेट को लेकर सख्त और जागरूकता आधारित अभियान छेड़ दिया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चल रहे इस विशेष अभियान में अब सिर्फ चालान नहीं, बल्कि समझाइश और शिक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में यातायात पुलिस ने शहर के संवेदनशील ब्लैकस्पॉट पिपरसमा चौराहा और पिपरसमा कृषि मंडी पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। यहां किसानों, राहगीरों और बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को रोककर न सिर्फ नियमों की जानकारी दी गई, बल्कि हेलमेट की अहमियत भी समझाई गई। पुलिस ने साफ संदेश दिया। एक हेलमेट, कई जिंदगियों की सुरक्षा। वहीं, इस मुहिम को नई दिशा देते हुए जीके हेरिटेज स्कूल में यातायात पाठशाला का आयोजन किया गया। बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम, हेलमेट की उपयोगिता और जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यातायात नियमों की शपथ भी दिलाई गई, ताकि वे खुद सुरक्षित रहें और अपने परिवार को भी जागरूक करें।



### पिट्ठू चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश टीम में चयन

**जागरण, इटारसी।** ग्राम बघवाड़ा के होनहार खिलाड़ी ख्वाब लोवंशी का चयन तीसरे जूनियर नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश की जूनियर टीम में हुआ है। ख्वाब अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन करेंगे। जिला पिट्ठू संघ के अध्यक्ष अशोक मालवीय ने बताया कि ख्वाब लोवंशी की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम का परिणाम है। खेलो यूथ गेम्स एमपी में ख्वाब ने नर्मदापुरम का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीता था।


# जागरण गुना

गुना, 30 अप्रैल 2026 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com


### नपाध्यक्ष ने ठेकेदारों को दिए कड़े निर्देश

**जागरण, इटारसी।** नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर में जारी विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। वार्ड 25 में राजू कुचबंदिया से खरे के मकान तक बन रही सड़क का निरीक्षण पार्षद शुभम गौर के साथ किया। ठेकेदार पुनीत मालवीय को सामग्री की गुणवत्ता बेहतर रखने, सड़क के दोनों ओर बेरीकेडिंग करने और जूट के बोरों का उपयोग कर उचित तराई सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई।

## न्यूज कार्नर

### शौचालयों को स्वच्छ रखने सीएमओ ने दिए निर्देश

**राघोगढ़।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज़ सिंह यादव ने नगर पालिका राघौगढ़ वार्ड क्रमांक.14 स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड एवं सार्वजनिक शौचालय का भ्रमण किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंड अनुसार एमआरएफ सेंटर, कंपोस्ट प्लांट एवं एफ.एस.टी.पी प्लांट, शौचालय को व्यवस्थित रखने के लिए निर्देशित किया गया।मौके पर उपयंत्री विशाल बाबू शर्मा, नगर पालिका स्टाफ,सफाई मित्र आदि उपस्थित रहे।

### स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ

**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना की स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाएं आज दिनांक 29 अप्रैल से प्रारम्भ हो गई हैं। गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर तीनों जिलों में विश्वविद्यालय द्वारा 26 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं तीनों परीक्षा केन्द्रो पर 32000 परीक्षार्थी की परीक्षाएं संपन्न होंगी। तीनों जिलों में दिनांक 29 अप्रैल 2026 को प्रातः एवं दोपहर पाली में सफलता पूर्वक परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। महाविद्यालयों से प्राप्त उपस्थिति अनुसार दिनांक आज की परीक्षा में 99 प्रतिशत विद्यार्थी उपस्थित हुए। शासन द्वारा जारी निर्देशनुसार नकल मुक्त परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय का उड़नदस्ता विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण भी कर रहा है।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 10 मई को

**गुना।** क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय द्वारा एक नई पहल करते हुए 80 फीसदी अथवा उससे अधिक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु 10 मई 2026 को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 01 मई 2026 से प्रारंभ की जा रही है। विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी संकाय एवं आधुनिक सुविधाओं के साथ विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना एवं विद्यार्थियों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

### तंबाकू खाने वाले 19 लोगों पर जुर्माना

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय ने स्वच्छ और तंबाकू मुक्त परिसर बनाने के लिए निरंतर प्रयास तेज कर दिए हैं। आज की कार्रवाई में 19 तंबाकू सेवनकर्ताओं पर कुल 2,100 रुपए का जुर्माना लगाया गया और उन्हें टी.सी.सी. सेंटर (तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र) में रेफर किया गया। आज निरीक्षण के दौरान राज्य स्तर से उपसंचालक डॉ. राहुल भदौरिया, उपसंचालक राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, ने जिले में चलाए जा रहे अभियान की खूब सराहना की। टीम में विनीता सोनी , डॉ. सूरज सिंग , इमरती वर्मा, मुरारी लाल, जयवीर रघुवंशी, शैलेन्द्र सिंह, रेखा शर्मा, सादिक खान, विवेक, मोनू जाटव उपस्थित थे।

### संप्रेक्षण गृह के शिक्षक का 'इसरो' यात्रा से लौटने पर हुआ सम्मान

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित विज्ञान मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत इसरो (बैंगलोर, चेन्नई, श्रीहरिकोटा) के शैक्षणिक भ्रमण के लिए जिले से 5 विद्यार्थियों एवं 1 शिक्षक अवधेश अवस्थी का चयन किया गया था। श्री अवस्थी वर्तमान में संप्रेक्षण गृह गुना में कार्यरत हैं। यात्रा से लौटने के उपरांत उनके सम्मान में आज संप्रेक्षण गृह गुना में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अधीक्षक दिनेश चंदेल ने श्री अवस्थी को पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

### बजरंगगढ़ के तालाब पर किया श्रमदान

**गुना।** जल गंगा संवार्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ब्लॉक गुना द्वारा कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन मे ग्राम पंचायत बजरंगगढ के ग्राम माना के स्थानीय तालाब पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रमदान कार्यक्रम में नवांकुर संस्था परामर्शदाता, छात्र एवं छात्राऐं के साथ मिलकर दो घंटे तक तालाब की सफाई की गई। इस दौरान तालाब में विसर्जित की गई पूजन की सामग्री पॉलिथिन और अन्य कचरे को एकत्रित कर लगभग 20 कट्टे कचरा निकालकर उचित स्थान तक पहुचाया गया।

### नल-जल योजनाओं की खुली पोलः प्यासा है पूरा जिला, सिस्टम की चेन टूटी

# तार से हैंडपंप जोड़कर प्यास बुझा रहीं महिलाएं

### चांचौड़ा के तरावली में बूंद-बूंद के तरसते ग्रामीण




**जागरण, गुना।** भीषण गर्मी के प्रकोप और 44 डिग्री के पार जाते पारे के बीच गुना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट गहरा गया है। एक तरफ सरकार नल-जल योजनाओं के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर धरातल पर हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिले के चांचौड़ा विकासखंड के ग्राम तलावली से सामने आई तस्वीरें सिस्टम को शर्मसार करने वाली हैं, जहाँ पिछले चार दिनों से हैंडपंप की चेन टूटी पड़ी है और महिलाएं खुद तार के टुकड़ों से उसे जोडक़र पानी भरने को मजबूर हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग इन दिनों अपनी कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाओं में है। विभागीय कर्मचारियों की मानें तो जिले में विभाग का काम भगवान भरोसे चल रहा है। शिकायत है कि जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय में बैठते। जब भी कोई फरियादी या काम से कोई पहुँचता है, तो रटा-रटाया जवाब मिलता है कि मैडम/साहब कलेक्टर ऑफिस या जिला पंचायत में हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि जब अधिकारी दफ्तर में ही नहीं मिलेंगे, तो भीषण गर्मी में प्यासी जनता की पुकार कौन सुनेगा? पीएचई विभाग के इस वर्क फ्रॉम होम कल्चर ने ग्रामीण जल प्रदाय व्यवस्था की कमर तोड़ दी है। चांचौड़ा के ग्राम तलावली में प्रशासनिक अनदेखी की पराकाष्ठा देखने को मिली है। यहाँ मुख्य हैंडपंप की चेन टूट जाने से ग्रामीण बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी सूचना होने के बावजूद कोई मैकेनिक नहीं पहुँचा। मजबूरन गांव की महिलाएं छोटे-छोटे तार के टुकड़ों से हैंडपंप की चेन को जोड़ती हैं और फिर जान लगाकर पानी खींचती हैं। यह स्थिति न केवल प्रशासन के दावों की पोल खोलती है, बल्कि विभाग की संवेदनहीनता को भी उजागर करती है।

#### कागजों में योजना

पूरे जिले के ग्रामीण इलाकों में जल संकट का असली कारण योजनाओं में लगा पलिता है। कई गांवों में ट्यूबवेल तो हैं, लेकिन उन पर रसूखदारों या सरपंचों का कब्जा है, जिनका उपयोग केवल उनके निजी स्वार्थ के लिए हो रहा है। नल-जल योजनाएं केवल फाइलों में पूरी हैं, जबकि जीरो ग्राउंड पर लोग आज भी कुओं और खराब हैंडपंपों के भरोसे हैं। जिले के जागरूक नागरिकों ने कलेक्टर से मांग की है कि पीएचई विभाग का औचक निरीक्षण किया जाए, ताकि हकीकत सामने आ सके और प्यासी जनता को राहत मिल सके।


### बहन का सुहाग उजाड़ने वाले भाई को उम्रकैद

# जीजा की हत्या कर कुएं में फेंकी थी लाश, न्यायालय ने सुनाई सजा

**जागरण, गुना।** अपने ही बहनोई की बेरहमी से हत्या कर बहन का सुहाग उजाडऩे वाले आरोपी भाई को सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह पूरा मामला बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र का है, जहाँ आपसी विवाद और बहन को परेशान करने की रंजिश में भाई ने अपने जीजा को मौत के घाट उतार दिया था। शासन की ओर से इस प्रकरण में पैरवी लोक अभियोजक अलंकार वशिष्ठ ने की।

अभियोजन के अनुसार, 16 नवंबर 2025 को फरियादी बाबूलाल ने बजरंगगढ़ थाने में सूचना दी थी कि माता मोहल्ला स्थित मरघट शाला के पास एक कुएं में उसके दामाद देवेंद्र अहिरवार का शव पड़ा है। देवेंद्र 13 नवंबर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जब शव बाहर निकाला तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि देवेंद्र की मौत सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हुई है। जांच में सामने आया कि घटना का कोई चक्षुदर्शी गवाह नहीं था और पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर टिका था। 13 नवंबर की रात जब देवेंद्र अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था, तब विजय ने उसके साथ मारपीट की और सिर पर जानलेवा हमला कर उसकी हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने के इरादे से उसने लाश को कुएं में फेंक दिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से शराब के पाउच, बीयर की बोतलें और शर्ट के बटन जब्त किए थे। कलारी के सीसीटीवी फुटेज में भी दोनों को आखिरी बार साथ देखा गया था। न्यायालय ने सभी साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर माना कि विजय अहिरवार ने ही देवेंद्र की हत्या की है। अदालत ने आरोपी विजय अहिरवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत आजीवन कारावास व 2 हजार रुपये अर्थदंड और धारा 238(ख) में 2 वर्ष के सश्रम कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# बिजली संबंधी शिकायतों का नहीं हो रहा समाधान, शोपीस बना ऐप



**जागरण, गुना।** भीषण गर्मी और 44 डिग्री के पार जाते पारे के बीच बिजली कंपनी की लापरवाही उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है। अघोषित बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या से जनता पहले ही त्रस्त है, उस पर कंपनी की हेल्पलाइन और उपाय एप महज शोपीस बनकर रह गए हैं। कर्नलगंज क्षेत्र में बिजली कंपनी के गैर-जिम्मेदाराना रवैये का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक उपभोक्ता को अपनी समस्या सुलझाने के लिए सुबह से रात तक 24 बार शिकायत दर्ज करानी पड़ी।

#### बिना पहुंचे ही खत्म कर दी शिकायत

कर्नलगंज क्षेत्र के एक उपभोक्ता मंगलवार सुबह से ही लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे थे। उन्होंने सबसे पहले उपाय एप के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज की। कुछ ही देर में मोबाइल पर शिकायत नंबर तो जनरेट हुआ, लेकिन हैरान करने वाली बात यह रही कि बिना किसी सुधार कार्य या अमले के पहुंचे ही कंपनी ने बिजली दुरुस्ती का मैसेज भेजकर शिकायत को बंद कर दिया। उपभोक्ता ने हार नहीं मानी और एक के बाद एक शिकायतें करना शुरू किया। आलम यह रहा कि सुबह से रात 10 बजे तक उपभोक्ता को करीब दो दर्जन (24 बार) शिकायती प्रक्रिया दोहरानी पड़ी।

#### अधिकारी नहीं उठाते फोन, हेल्पलाइन फेल


उपभोक्ता ने बिजली बिलों पर दिए गए अधिकारियों के नंबरों पर भी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वहां से भी कोई जवाब नहीं मिला। जिले में वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या से बड़ी संख्या में लोग परेशान हैं, लेकिन उपाय एप और हेल्पलाइन नंबरों की यह आंख-मिचौली जनता के घावों पर नमक छिडक़ने का काम कर रही है। जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी और फील्ड स्टाफ की यह मनमानी बिजली कंपनी की साख पर बट्टा लगा रही है। यहां तक बिजली कंपनी के आला अधिकारी महाप्रबंधक से लेकर ईई एवं एई तक फोन नहीं उठाते।

### जिस प्रेमिका के लिए पत्नी-बच्ची को छोड़ा उसके हाथों में लगी मेहंदी

# प्रेमी ने खाया जहर, उधर प्रेमिका की उठी डोली

**जागरण, गुना।** कहते हैं इश्क अंधा होता है, लेकिन गुना के धरनावदा इलाके में इस इश्क ने जो अंजाम लिखा, वह किसी की भी आंखों में आंसू ला दे। पुरानी रूठियाई के एक युवक ने अपनी मोहब्बत को किसी और का होते देख मौत को गले लगा लिया। जिस वक्त बमोरी के एक आंगन में शहनाइयां बज रही थीं और एक बेटी की विदाई की रस्में चल रही थीं, ठीक उसी समय जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के बाहर एक पिता अपने जवान बेटे की लाश लेने के लिए बिलख रहा था।

मृतक प्रद्युम्न सिंह सहरिया (25) की कहानी किसी फिल्मी ट्रेजेडी से कम नहीं है। प्रद्युम्न शादीशुदा था, लेकिन पांच साल पहले उसे एक युवती से प्यार हो गया। परिजनों के मुताबिक, वह युवती प्रद्युम्न के साथ रहने के लिए तैयार तो थी, लेकिन उसकी शर्त बड़ी सख्त थी। उसने प्रद्युम्न के सामने अपनी पत्नी और बच्ची को छोडऩे की मांग रखी। इस दौरान बीमारी के चलते उसकी बच्ची की भी मौत हो गई। प्यार के जुनून में अंधे प्रद्युम्न ने दो साल पहले हंसता-खेलता घर उजाड़ लिया और अपनी पत्नी को छोड़ दिया और युवती ने उससे दूरी बनाना शुरू कर दिया।




#### हाईवे किनारे एक के बाद एक खाई दस गोलियां

प्रद्युम्न के पिता मांगीलाल के अनुसार, युवती ने उसे केवल आर्थिक रूप से इस्तेमाल किया और जब शादी की बारी आई, तो उसने दूसरी जगह रिश्ता तय कर लिया। मंगलवार शाम प्रद्युम्न को खबर लगी कि बुधवार को उसकी प्रेमिका की विदाई है। यह सदमा वह बर्दाश्त नहीं कर पाया और नेशनल हाईवे के किनारे बैठकर उसने एक साथ सल्फास की 10 गोलियां निगल लीं। जब परिजन उसे ढूंढते हुए पहुंचे, तो वह लडख़ड़ाता हुआ खुद ही रूठियाई चौकी जा पहुंचा और पुलिस से कहा— साहब, मैंने जहर खा लिया है, मुझे बचा लो।

#### अस्पताल में थमीं सांसें जांच में जुटी पुलिस

पुलिस और परिजनों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ रातभर वह जिंदगी और मौत के बीच जद्दोजहद करता रहा।

बुधवार तडक़े प्रद्युम्न की सांसें थम गईं। राघौगढ़ एसडीओपी दीपा डोडवे ने बताया कि युवक की मौत के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। बुधवार सुबह जब प्रेमिका की डोली उठी, ठीक उसी वक्त प्रद्युम्न का शव पोस्टमार्टम के बाद उसके घर पहुंचा। गाँव में मातम पसरा है और हर कोई इस घातक इश्क और उसके अंजाम की चर्चा कर रहा है।

### चांचौड़ा के गेहूंखेड़ी गांव में शव मिलने से सनसनी

जिले के चांचौड़ा थाना अंतर्गत गेहूंखेड़ी गांव के पठार पर बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मनोज मीना के रूप में हुई है। शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों के अनुसार, मनोज मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे से घर से निकला था। जब वह देर शाम तक वापस नहीं लौटा, तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। रातभर उसका मोबाइल भी लगाया गया, लेकिन कोई संपर्क नहीं हो सका। बुधवार सुबह मृतके परिजन जब पठार पर स्थित अपनी दुकान के पीछे बने कमरे में पहुँचा, तो वहाँ मनोज का शव पड़ा मिला। परिजनों का आरोप है कि किसी ने अन्य जगह हत्या करने के बाद शव को यहाँ लाकर पटका है। उन्होंने बताया कि जिस कमरे में शव मिला है, वहाँ अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। घटना की सूचना मिलते ही चांचौड़ा पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### टैंकर पार्किंग में राघोजी प्याऊ का किया शुभारंभ

**राघौगढ़।** नगर में जनसेवा की एक सराहनीय पहल के तहत टैंकर पार्किंग संचालक असपाक खान द्वारा राघोजी प्याऊ का शुभारंभ कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष विजय कुमार साहू पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र लाहोटी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल वत्स, नगर पालिका उपाध्यक्ष रामस्वरूप मीणा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष असपाक मंसूरी, पार्षद अशोक मीणा, पार्षद चंदू बुनकर, पार्षद प्रतिनिधि श्रीलाल कुशवाह, पार्षद महराज सिंह, राघौगढ़ मुस्लिम समाज अध्यक्ष ताहिर खान, एनएसयूआई अध्यक्ष प्रशांत मेर, बिरजू मेर नरेंद्र वीलरवान, दीपक विलरवान, हलीम खान, नासिर खान राईन सब्जी मंडी,हनीफ खान ठेकेदार, लाल सिंह मीणा ठेकेदार, शाहिद पठान एवं सभी आमजन की मौजूदगी में संपन्न हुआ। टैंकर पार्किंग संचालक असपाक खान द्वारा आम जनता और राहगीरों के लिए शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की निश्शुल्क व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी के इस दौर में यह प्याऊ लोगों के लिए राहत का एक बड़ा सहारा बनेगा। यह सेवा 24 घंटे, 365 दिन निरंतर जनहित में समर्पित रहेगी, जिससे हर जरूरतमंद को बिना किसी परेशानी के पानी मिल सके।

# कुशमौदा में आम रास्ते पर निर्माण कार्य से आक्रोश, नपा पहुंचे रहवासी

### सीएमओ से रास्ता खुलवाने की लगाई गुहार



**जागरण, गुना।** नगरपालिका क्षेत्र के तहत आने वाली नई बस्ती कुशमौदा में इन दिनों एक निजी मकान निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। निर्माण कार्य की वजह से क्षेत्र का आम रास्ता अवरुद्ध होने और जल निकासी ठप होने से परेशान स्थानीय रहवासी लामबंद होकर नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने नपा सीएमओ को शिकायत सौंपकर सरकारी नक्शे में दर्ज रास्ता बहाल करवाने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, कुशमौदा नई बस्ती में एक व्यक्ति द्वारा मकान निर्माण शुरू किया गया है। आरोप है कि संबंधित व्यक्ति रास्ते की जमीन को अपनी निजी संपत्ति बताकर वहां निर्माण कर रहा है। जब स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया, तो निर्माणकर्ता ने काम बंद करने से इंकार कर दिया। इस अवैध निर्माण की वजह से बस्ती के करीब 15-16 परिवारों का मुख्य रास्ता बंद होने की कगार पर है। रास्ता रुकने के साथ-साथ नालियों का पानी निकलने का मार्ग भी बंद हो गया है, जिससे क्षेत्र में गंदगी और बदबू का माहौल बन रहा है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो बस्ती के लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाएगा।

# राजस्थान से डोडाचूरा ला रहा अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 2.20 लाख का माल जब्त

**जागरण, गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में नशे के सौदागरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत फतेहगढ़ थाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक अंतर्राज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 1.50 लाख रुपये कीमत का अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ है।



#### चेकिंग के दौरान भागने की कोशिश, घेराबंदी कर दबोचा

पुलिस टीम 28 अप्रैल की शाम सेनबोर्ड-छबड़ा रोड पर ग्राम पाखार के मोड़ पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान छबड़ा की ओर से आ रहे एक बाइक सवार ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। संदेह होने पर टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जगतार सिंह सिख निवासी ग्राम पथरिया बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मिले कट्टे से 15 किलो 220 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ।कुल 2.20 लाख का मसरुका जब्त पुलिस ने डेढ़ लाख रुपये का डोडाचूरा और तस्करी में प्रयुक्त बाइक एमपी 08-8418 जब्त की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

#### लूटकांड के पांच माह से फरार दो लुटेरे गिरफ्तार

पुलिस ने नानाखेड़ी क्षेत्र में करीब 5 माह पहले हुई लूट की वारदात में फरार चल रहे शेष दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। पूरा मामला 12 दिसंबर 2025 का है, जब ग्राम जमरा निवासी फरियादी राकेश रघुवंशी के साथ नानाखेड़ी क्षेत्र में दो बाइकों पर आए 4-5 युवकों ने मारपीट कर लूट को अंजाम दिया था। एएसपी मानसिंह ठाकुर और सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव की टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 28 अप्रैल 2026 को मिली सटीक सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर 19 वर्षीय नाजिर खां और 20 वर्षीय तोफिक खां को दबोच लिया। आरोपी नाजिर के कब्जे से लूट में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की गई है।

### पुलिस पेट्रोल पंप पर अव्यवस्थाओं का पहरा, नकद बिक्री बंद होने से ग्राहक हो रहे परेशान

# सर्वर डाउन और लंबी कतारें, ऑनलाइन पेमेंट में बीत रहा समय

**जागरण, गुना।** शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके हनुमान चौराहे के समीप संचालित पुलिस परिवार पेट्रोल पंप इन दिनों अपनी बदइंतजामी को लेकर सुर्खियों में है। पुलिस विभाग के प्रबंधन में चलने वाला यह पंप आम जनता के लिए सुविधा कम और सिरदर्द ज्यादा साबित हो रहा है। आलम यह है कि यहां लंबे समय से नकद लेनदेन बंद कर दिया गया है, जिसके कारण उन लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है जो ऑनलाइन भुगतान का उपयोग नहीं करते।




#### ऑनलाइन भुगतान का सर्वर और लंबी कतारें

पंप पर केवल ऑनलाइन पेमेंट की अनिवार्यता ने ग्राहकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। यूपीआई भुगतान के लिए लोगों को लंबी-लंबी लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। नियम ऐसा कि जब तक एक ग्राहक का पेमेंट पूरी तरह सक्सेस होकर कर्मचारी की मशीन या मोबाइल पर कन्फर्म नहीं हो जाता, तब तक दूसरे ग्राहक को पेट्रोल नहीं दिया जाता। इस प्रक्रिया में समय की बर्बादी हो रही है। रही-सही कसर कर्मचारियों की कमी पूरी कर देती है। दो-दो मशीनों पर केवल एक या दो कर्मचारी ही तैनात रहते हैं, जिससे पीक ऑवर्स में स्थिति और भी तनावपूर्ण हो जाती है। हैरानी की बात यह है कि यह पेट्रोल पंप महीने में कई बार अचानक ग्राहकों के लिए बंद कर दिया जाता है। विभागीय सूत्रों की मानें तो पुलिस विभाग के ही विभिन्न वाहनों और थानों का बकाया भुगतान समय पर न होने के कारण स्टॉक की कमी हो जाती है। विशेषकर हर तिमाही (क्वार्टर) के अंत में भुगतान के फेर में पंप पर नो स्टॉक के बोर्ड लटक जाते हैं। रक्षक के नाम पर संचालित इस पंप की इस कार्यप्रणाली से न केवल विभाग की छवि धूमिल हो रही है, बल्कि शहर के केंद्र में होने के बावजूद लोग यहां जाने से कतराने लगे हैं।

### सरकारी राशि के लिए दफ्तरों के चक्कर लगा रही महिला

**गुना।** केंद्र और राज्य सरकार भले ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर शौचालय बनाने के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला जिला मुख्यालय पर आयोजित सुनवाई में सामने आया, जहाँ हरिपुर ग्राम पंचायत की एक महिला ने शौचालय निर्माण की राशि न मिलने पर कलेक्टर से गुहार लगाई है। ग्राम पंचायत हरिपुर निवासी आवेदिका पानबाई पति बालकिशन अहिरवार ने बताया कि शासन की योजना से प्रेरित होकर उन्होंने अपने निजी पैसों से घर में शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण करवा लिया है। नियम अनुसार निर्माण के बाद प्रोत्साहन राशि का भुगतान शासन की ओर से हितग्राही के खाते में होना चाहिए, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी उन्हें एक रुपया नहीं मिला है।


**म0प्र0गृह-निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग-गुना**

**सार्वजनिक सूचना**

म0प्र0गृ0नि0 एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड अशोकनगर में स्थित भूखण्ड क्रमांक एम.आई.जी.-09 जो कि मूल आवंटी श्री पवन कुमार जैन पुत्र श्री सोमचंद जैन को आवंटित किया गया था, उनकी मृत्यु दिनांक 14.01.2026 को हो चुकी है एवं उनकी पत्नि श्रीमती प्रभा जैन पत्नि श्री पवन कुमार जैन की भी मृत्यु दिनांक 17.01.2016 को हो चुकी है। उक्त भूखण्ड के आवंटी श्री पवन कुमार जैन की मृत्यु हो जाने के कारण उनके द्वारा बनाये गये उत्तराधिकारी सुश्री मोनिका जैन एवं सुश्री सृष्टि जैन पुत्रीगण स्व. श्री पवन कुमार जैन द्वारा अपने नाम नामांतरण कराने बावत् आवेदन किया है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन हैं। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो वे इस बावत् अपना प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के अंदर स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भूखण्ड नामांतरण हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी।

**(संपदा अधिकारी)**
**म0प्र0गृह-निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग-गुना**